हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 17 अगस्त 2025

04 जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में पुलिस परेड...



08 जन प्रतिनिधियों के साथ जिला प्रशासन ने देश की आन बान शान का ...





### नगर परिषद में आयोजित मुख्य समारोह में अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

# आन-बान-शान के साथ लहराया तिरंगा हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

आजादी की 79 वीं वर्षगांठ नगर में उत्साह एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। ध्वजारोहण का मुख्य समारोह नगर परिषद में आयोजित किया गया जहां पर अध्यक्ष अंतिम विजय सोनी द्वारा ध्वजारोहण कर सलामी ली गई। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का जनता के नाम संदेश का सीधा प्रसारण दिखाया गया। चौक बाजार में झंडा वंदन कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

स्वतंत्रता दिवस पर सभी शासकीय, अर्द्ध शासकीय कार्यालय, शैक्षणिक संस्थाओं में झंडावंदन कार्यक्रम आयोजित कर देश की आन-बान-शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कुछ शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा प्रातः काल में प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें स्कूली बच्चे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत अपने हाथों में तिरंगा ध्वज लेकर प्रभात फैरी में शामिल हुए। नागरिकों द्वारा भी हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय बहादुर सिंह ने बताया कि नगर में ध्वजारोहण का मुख्य समारोह नगर परिषद कार्यालय पर प्रात 9 बजे से आयोजित किया गया। अध्यक्ष अंतिम विजय सोनी द्वारा ध्वजारोहण कर सलामी ली गई। मुख्यमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से दिखाया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में सभी वार्ड पार्षद एवं उनके प्रतिनिधि के साथ बड़ी संख्या में नगरवासी, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार गण उपस्थित थे। नगर परिषद कार्यालय पर सांदीपनि विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगमंचीय प्रस्तुति से देशभक्ति पूर्ण माहौल बन गया था। भैया बहिनों द्वारा मनमोहक एवं देश भक्ति गीतो की प्रभावी प्रस्तुति दी गई। नगर परिषद द्वारा विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किया गया।





### भाजपा मंडल के द्वारा शिवाजी चौराहे पर ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भाजपा मंडल नलखेड़ा द्वारा शिवाजी चौराहे पर ध्वजारोहण किया गया जहां पर पार्टी के वरिष्ठ द्वारा पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। चौक बाजार में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन भाजपा मंडल महामंत्री रितेश सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक फूलचंद वेदिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हकीमभाई बोहरा, भाजपा जिला मंत्री मुकेश लोढ़ा, नगर परिषद के पार्षद गण, अधिकारी गण के साथ गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय सरदार पटेल चौराहे पर शहर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा झंडा वंदन कार्यक्रम प्रातः 8:15 बजे आयोजित किया गया। पार्टी के वरिष्ठ पारस सकलेचा द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। स्थानीय पुलिस थाना परिसर में थाना प्रभारी नागेश यादव द्वारा ध्वजारोहण कर सलामी ली गई। जनपद पंचायत कार्यालय पर जनपद अध्यक्ष केशरबाई मुकेश चौहान द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

### आजादी की वर्षगांठ पर मां बगलामुखी का मां भारती के स्वरूप में किया विशेष श्रृंगार



**नलखेड़ा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर को तिरंगे की थीम पर सजाया जाकर माता रानी को सफेद चूनर ओढ़ाई जाकर मां भारती के स्वरूप में विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर शिखर को तिरंगे के रंग की रोशनी से जगमगाया गया। स्वतंत्रता दिवस पर अवकाश होने से बड़ी संख्या में माता भक्त भी दर्शन हेतु मंदिर पहुंचे।

15 अगस्त आजादी के पर्व पर नगर में स्थित पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर परिसर को भी तिरंगे के रंग से सजाया गया था। माता रानी का सफेद रंग की चूनर से मां भारती के स्वरूप में आकर्षक श्रृंगार किया गया था। इस मौके पर तिरंगे की थीम पर मंदिर को सजाया गया था। मंदिर शिखर को भी तिरंगे की रोशनी कर जगमगाया गया था। स्वतंत्रता दिवस पर अवकाश होने से प्रदेश सहित देश के कई स्थानों से माता भक्त बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे। जहां उनके द्वारा माता रानी के विशेष श्रृंगार के दर्शन कर परिवार की सुख समृद्धि एवं खुशहाली के साथ मनोकामना पूर्ति हेतु विशेष हवन अनुष्ठान भी करवाए गए।



### नलखेड़ा में कल निकलेगी शाही सवारी

## फूलों की पालकी में बाबा नगर भ्रमण कर जानेंगे प्रजा का हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा




नगर के प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की शाही सवारी बड़े ही ठाट- बाठ के साथ निकाली जाएगी। सवारी में बाबा फूलों की पालकी में विराजित होकर प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण करेंगे। शाही सवारी में विभिन्न झांकियां के साथ आकर्षक के केंद्र भी शामिल रहेंगे। नगर के मध्य स्थित प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से 18 अगस्त को अंतिम सवारी, शाही सवारी के रूप में बड़े ही धूमधाम के साथ नगर में निकाली जावेगी। शाही सवारी में प्रतिवर्षानुसार इस बार भी कई आकर्षण शामिल रहेंगे। सवारी का नगर वासियों द्वारा स्थान-स्थान पर स्वागत किया जावेगा। भक्त भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे।

श्री गुप्तेश्वर महादेव भक्त मंडल के तत्वाधान में 18 अगस्त को दोपहर 2 बजे चौक बाजार स्थित प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की अंतिम शाही सवारी मंदिर पर पूजन-आरती के पश्चात भगवान भोलेनाथ प्रजा का हाल जानने राजसी ठाठ-बाट के साथ फूलों की पालकी में विराजीत होकर नगर में बेंड - बाजो, ढोल ढमाकों,डीजे व भजन मंडली के साथ भ्रमण पर निकलेंगे। सवारी में भोलेनाथ के मुखुटे को फूलों से सुसज्जित पालकी में विराजित किया जावेगा। सवारी में ताशा व ढोलक की थाप पर कई कलाकार अपनी नृत्य कला के साथ ही अन्य विधाओं का प्रदर्शन कर नागरिकों का मनोरंजन करेंगे। शाही सवारी में भजन मंडली द्वारा भी अपनी सुमधुर आवाज में भजनों की प्रस्तुति दी जावेगी। सवारी मार्ग पर स्थान - स्थान पर भक्तों का पुष्पहारों व अल्पाहार से स्वागत किया जावेगा। सवारी परम्परागत मार्गो से होती हुई माँ बगलामुखी मंदिर पहुंचेगी जहां आरती के पश्चात पुनः श्री गुप्तेश्वर मंदिर पर आवेगी जहां महाआरती के बाद प्रसादी का वितरण होगा।

### बच्चे भी सजे कृष्ण रूप में

**नलखेड़ा।** जन्माष्टमी पर जहां राधाकृष्ण मंदिरों में भगवान को श्रृंगारित किया गया था वहीं छोटे-छोटे बच्चों को माता पिता द्वारा कृष्ण एवं राधा के रूप में सजाया गया था। राधा-कृष्ण के रूप में सजे बच्चे अपने अपने मोहल्ले में सभी का मन मोह रहे थे।



# नवकार महामंत्र मंगल कलश की शोभायात्रा निकाली

### समाजजनों के घरों पर सामूहिक नमस्कार महामंत्र जाप का चल रहा 68 दिवसीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी मंडल की प्रेरणा से विश्व शांति, जनकल्याण, संकल्प सिद्धि व आत्म समृद्धि की भावना के साथ 68 दिवसीय नवकार महामंत्र की कलश यात्रा का कार्यक्रम समाज में चल रहा है। लाभार्थी परिवार के यहां नवकार कलश श्री संघ के साथ शोभायात्रा के रूप में ले जाया जा रहा है। जहां पर एक घंटे का सामूहिक नमस्कार महामंत्र का जाप प्रतिदिन चल रहा है। यहां क्रम लगातार 68 दिवस तक चलेगा।

जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.प्र.म. चंद्रप्रभा श्री जी म.सा.की सुशिष्या रत्न निधि म.सा.व पुण्य निधि म.सा. आदि ठाणा- 05 की पावन प्रेरणा एवं निश्रा में विभिन्न तप आराधना के साथ धार्मिक कार्यक्रम चल रहे हैं। 68 दिवसीय नवकार मंगल कलश प्रतिदिन लाभार्थी परिवार के यहां श्री संघ के साथ ले जाया जा रहा है। शनिवार को नवकार मंगल कलश को बधाने का अनुपम लाभ राजेंद्रकुमार रविकुमार



सकलेचा परिवार द्वारा लिया गया। प्रवचन उपरांत जैन आराधना भवन से ढोल ढमाकों के साथ नगर में नवकार कलश की शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजनों के साथ महिलाओं द्वारा भाग लिया गया। इसके पूर्व साध्वीजी द्वारा मंगल कलश का विधि विधान मंत्रोच्चार के साथ करवाया गया। प्रमुख मार्ग से कलश यात्रा दिगंबर जैन मंदिर के सामने सकलेचा के निवास स्थान पर पहुंची जहां पर मंगल कलश की स्थापना कर प्रभावना का वितरण किया गया। रात्रि 8 से 9 बजे तक सामूहिक नवकार जाप का कार्यक्रम हुआ।

### नवकार महामंत्र जाप से सब विघ्न होते हैं दूरः रत्न निधि म.सा.

साध्वी रत्न निधि म.सा.ने नवकार महामंत्र की महिमा बताते हुए कहा कि नवकार महामंत्र सभी मंत्रों का सार है, जो जन्म-जन्मांतर के कर्म बंधन को शिथिल कर आत्मा को निर्मल बनता है। यह मंत्र किसी भी जाति पंथ या देश काल की सीमा से परे सभी जीवो के लिए समान रूप से कल्याणकारी है। इसके स्मरण मात्र से मन में शांति, वाणी में मधुरता और जीवन में पवित्रता आती है। नवकार महामंत्र जाप से सब विघ्न दूर होते हैं। जैन समाज द्वारा आयोजित नवकार महामंत्र कलश यात्रा के दौरान नगर का वातावरण धर्म मय बना हुआ है। वही घर-घर में हो रहे नवकार जाप के चलते लाभार्थी परिवारों के घरों पर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह हो रहा है।



### बच्चों के द्वारा महापुरुषों व वीरांगना के स्वरूप में दी गई प्रस्तुति

## जैन आराधना भवन में आयोजन के साथ हुआ ध्वजारोहण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

आजादी की 79 वीं वर्षगांठ जहां पूरे देश में हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाते हुए देश की आन बान शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। वहीं आजादी के इस पावन अवसर पर जैन आराधना भवन में भी विशिष्ट आयोजन के साथ राष्ट्रीय ध्वज और जिन शासन के ध्वज का ध्वजारोहण समाज के वरिष्ठजनों द्वारा किया गया। रात्रि में श्रीसंघ के बच्चों द्वारा देश भक्ति पर आधारित सास्कृतिक प्रोग्राम की रंगारंग प्रस्तुति दी गई।

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में चातुर्मास हेतु विराजित प.पू. रत्ननिधि श्री जी म.सा., पुण्यनिधि श्री जी म.सा. आदि ठाणा 5 की निश्रा





में आजादी की 79 वीं वर्षगांठ मनाई गई। प्रातः 9.30 पर साध्वी जी के स्वतंत्रता दिवस पर विशेष प्रवचन हुए। प्रवचन के बाद देश के राष्ट्रीय ध्वज और जिन शासन के ध्वज का ध्वजारोहण समाज के अध्यक्ष व वरिष्ठजनों द्वारा किया गया।

नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप और जाप के बाद श्रीसंघ के बच्चों द्वारा आजादी की वर्षगांठ पर देश भक्ति पर आधारित रंगारंग सास्कृतिक प्रोग्राम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने देश के महापुरुषों एवं वीरांगनाओं का स्वरूप धारण कर अपनी प्रस्तुति दी। बालिका मंडल के साथ चंद्रप्रभु बहू मंडल की सदस्याओं ने मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे मोती जैसे राष्ट्रीय गीत पर प्रस्तुति दी गई जिसकी उपस्थित समाज जनों द्वारा काफी सहराना की गई। प्रस्तुति देने वाले बच्चों को प्रथम द्वितीयं तृतीय स्थान देकर शेष सभी बच्चों को भी पुरस्कार प्रदान कियाा।

# प्रभातफेरी में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर नगर में प्रारंभ की गई श्रीराम संकीर्तन यात्रा अभी भी जारी है। यात्रा में शामिल होने वाले भक्तों द्वारा हिंदू उत्सवों को भी यात्रा के दौरान मनाया जाता है। इसी तारतम्य में शनिवार को निकली प्रभातफेरी में धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया।

श्री राम संकीर्तन मंडल द्वारा शनिवार को प्रातः 5.30 बजे चौक बाजार से सुमधुर ढोलक वादन व श्री कृष्ण भजनो के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में एक भक्त भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप को टोकरी में लेटाकर सिर पर उठाए चल रहे थे। प्रभातफेरी में शामिल भक्त कृष्ण भजनों पर ढोलक व झांझ मजीरो की ताल पर नाचते चल रहे थे। प्रभातफेरी के माध्यम से नगर में ब्रह्म मुहूर्त से ही कृष्ण जन्मोत्सव का वातावरण निर्मित हो गया था। इसी प्रकार ग्राम धरोला सहित अन्य ग्रामों में भी श्रीराम संकीर्तन मंडलियों द्वारा प्रभातफेरी के दौरान कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर हुए धार्मिक आयोजन, घर से लेकर मंदिरों में की सजावट

# कृष्ण जन्मोत्सव का उल्लास, नंदलाल को पालने में झुलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की... फूलों में सज रहे है श्री वृंदावन बिहारी.... जैसे कृष्ण भजनों के साथ नगर में पुरे दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का उल्लास छाया रहा। शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर पूरा नगर कृष्ण भक्ति के रंग में सराबोर दिखाई दे रहा था। विभिन्न राधाकृष्ण मंदिरो में सजावट के साथ भगवान कृष्ण व राधाजी की प्रतिमाओं का मनमोहक श्रृंगार किया गया था। मंदिरो में भक्तो की सुबह से देर रात्रि तक भीड़ लगी रही। कई स्थानो पर नंदलाल को पालने में झुलाया गया व मटकी फोड के कार्यक्रम हुवे।

शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर नगर के मां बगलामुखी मंदिर स्थित पारदेश्वर राधाकृष्ण मंदिर में स्थित भगवान की प्रतिमाओं का आकर्षक श्रृंगार किया गया तथा पूरे मंदिर को गुब्बारों व पुष्पों से सजाया गया। जिनके दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड लगी रही। भगवान के





जन्मोत्सव पर सभी को फलाहारी खिचडी का वितरण सुबह से देर रात तक किया गया। नगर के जायसवाल कॉलोनी स्थित चार धाम मंदिर पर भी पर्व का उल्लास दिखाई दिया। मंदिर में विराजित सभी प्रतिमाओं का मनमोहक श्रृंगार पुष्पों के द्वारा किया गया। जिनके दर्शन के लिए बडी संख्या में भक्तों का तांता लगा रहा।

इसी प्रकार नगर के प्राचीन चोथमलजी के मंदिर, स्वर्णकार समाज के राधाकृष्ण मंदिर, सांवलिया नाथ मंदिर, नामदेव समाज के गोवर्धन नाथ मंदिर, सेनसमाज के राधाकृष्ण मंदिर सहित मुखर्जी मार्ग, डोकरपुरा, रामपुरा आदि स्थानो पर भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सभी मंदिरो में आकर्षक सजावट कर विद्युत रोशनी की गई व कृष्ण की लीलाओं पर आधारित आकर्षक झांकिया बनाई गई तथा भक्तो ने नंदलाल को पालने में झुलाया। जन्माष्टमी के इस पावन पर्व पर मंदिरो में प्रातःकाल से देर रात्रि तक जन्मोत्सव का उल्लास छाया रहा जहाँ विशेष पुजा अर्चना के साथ आरती व अन्य धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न हुवे। मध्य रात्रि में मंदिरो में शंख झांझ मंजीरे व घंटाल की गूंज के साथ कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया।

मध्यरात्रि में सभी मंदिरों के साथ ही अधिकांश हिन्दू घरों में भगवान के जन्म की महाआरती की गई। मंदिरों में महाआरती के बाद भक्तो को पंजेरी सिगांड़े खोपरा बुरा व हलवे आदि की प्रसादी का वितरण किया गया। कई स्थानो पर मटकी फोड प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई।

इस दौरान जहां विजेता को आयोजकों द्वारा पुरुस्कार राशि प्रदान की गई। जन्माष्टमी पर्व पर नगर में स्थित पीताम्बरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर भी आस्था का सैलाब उमड़ा। नगर सहित देश प्रदेश के कई स्थानो से आये भक्तो ने मातारानी के दर्शन कर विशेष पूजा अर्चना की। पर्व को लेकर मां बगलामुखी का विशेष श्रृगांर भी किया गया।

**खबर संक्षेप**

## दो वर्ष से लापता तीन बहनों को कमलापुर ने किया दस्तयाब

**चापड़ा।** पुलिस थाना कमलापुर क्षेत्र अंतर्गत विगत दो वर्ष से तीन बहन लापता थी, जिनकी गुमशुदगी थाने पर पिता द्वारा दर्ज कराई गई थी। पुलिस लगातार तीनों बहनों की तलाश कर रही थी। बुधवार को थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर के नेतृत्व में ऑपरेशन मुस्कान के तहत वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस को सफलता मिली और तीनों बहनों को दस्तयाब किया गया। पुलिस थाना कमलापुर प्रभारी उपेंद्र नाहर ने बताया कि वर्ष 2023 से तीन बहनें लापता थी जिसमें एक नाबालिक अपहर्ता 17 वर्ष की थी, एक बच्ची 8 वर्ष की थी। 26 जून 2023 को तीन बहनें रेखा, शिवानी, सोनू घर से बिना बताए चली गई थी, जिसमें एक लड़की रेखा एक 5 साल की बच्ची को लेकर गई थी। थाना बागली पर गुमशुदा महिला रेखा पति महेश कोबरे उम्र 28 साल निवासी पलखा कमलापुर को उसकी 8 साल की लड़की परी के साथ दस्तयाब किया गया। और बाकी दो लड़कियां शिवानी और सोनू पंचोली निवासी नंदाना थाना नर्मदा नगर खंडवा के क्षेत्र में चली गई थी, उनमें से एक लड़की शिवानी उम्र 17 साल थी जिस पर थाना नर्मदा नगर में अपराध दर्ज है। थाना नर्मदा नगर खंडवा की पुलिस अपहर्ता/गुमशुदा की तलाश में थे, फरियादी ने सीएम हेल्पलाइन भी की हुई थी। तीनों लड़की/अपहर्ता और बच्ची को संदेही के साथ दस्तयाब कर लिया ओर खंडवा पुलिस को सूचना देकर अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया हैं। तीनों लड़कियों को उसके परिजन पिता कई वर्षों से तलाश कर आस लगाए हुए थे, जिन्हें बुधवार को कमलापुर पुलिस द्वारा उनको ढूंढ कर देने पर उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया है। नाहर ने बताया कि तीनों बहनें प्लानिंग कर एक साथ उज्जैन के पास स्थित एक गांव में रहने वाले लड़कों के साथ चली गई थीं। उज्जैन के पास लड़कियों के मामा का गांव है जहां पर उन का आना-जाना होता था,ओर वहीं के लड़कों से सम्पर्क में आ गई थी। रेखा व अन्य जिस के साथ वह गई थी, उसे एसडीएम के सामने पेश किया जाएगा। जहां पर बयान के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाही में थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर, उपनिरीक्षक राकेश नरवरिया,प्रधान आरक्षक अरूण आर्य का सहयोग रहा।

## बच्चों के साथ किया मध्याह्न भोजन

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शासकीय महारानी चिमनाबाई विद्यालय देवास में आयोजित 'विशेष भोज' में शामिल होकर बच्चों के साथ भोजन किया। मध्यान्ह भोजन में सब्जी-पूड़ी-खीर, सलाद-पापड़ के साथ लड्डू परोसे गए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, नगर निगम सभापति रवि जैन, भैरूलाल अटारिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी एचएस भारती, डीपीसी अजय मिश्रा सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण, प्राचार्य चिमनाबाई स्कूल, शिक्षिकगण उपस्थित थे।

### संपूर्ण जिले में उल्लासपूर्ण और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

# जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में पुलिस परेड ग्राउंड में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने ध्वजारोहण कर ली सलामी





### जिले के सभी शासकीय और अशासकीय संस्थाओं पर हुआ ध्वजारोहण, स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में स्वतंत्रता दिवस पूर्ण हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने ध्वजारोहण कर सलामी ली। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सुसज्जित सफेद जिप्सी पर सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। जिप्सी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया उनके साथ थे। परेड निरीक्षण उपरांत शस्त्र बलों द्वारा तीन बार हर्ष फायर किए गए। हर्ष फायर उपरांत परेड कमांडर रणजीत ठाकुर के नेतृत्व में आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। परेड उपरांत कलेक्टर सिंह ने परेड कमाउंडरों से परिचय प्राप्त किया। मार्च पास्ट के उपरांत रंग बिरंगे गुब्बारों को खुले आसमान में छोड़ा गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के संदेश वाचन का सीधा प्रसारण देखा गया। इसके उपरांत कलेक्टर सिंह द्वारा बधाई संदेश का वाचन किया गया।

कलेक्टर ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजनों का सम्मान किया। जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित मुख्य समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, न्यायाधीशगण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा, अपर कलेकटर शोभाराम सोलंकी, एसडीएम बिहारी सिंह, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा, डिप्टी कलेक्टर आनंद मालवीय सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण, पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण, पत्रकारगणों के अलावा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद त्रिवेदी ने किया। शस्त्र सहित परेड में सीआईएसएफ देवास को प्रथम, एसएएफ को द्वितीय तथा जिला होम गार्ड को तृतीय पुरस्कार मिला। वहीं शस्त्र रहित परेड में उत्कृष्ट विद्यालय को प्रथम, केपी कॉलेज को द्वितीय, महारानी चिमनाबाई कन्या विद्यालय देवास तृतीय पुरस्कार मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सांदिपनी विद्यालय देवास को प्रथम, महारानी चिमनाबाई कन्या विद्यालय देवास को द्वितीय तथा उत्कृष्ट विद्यालय देवास को तृतीय पुरस्कृत मिला।

### पहाड़ा प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

मुख्य समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक संस्थाओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर जिले में विकासखण्ड, तहसील, नगर परिषद तथा ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भाग लिया।

### नगर परिषद बागली, करनावद में उत्साह के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**बागली।** तहसील अंतर्गत शुक्रवार के दिन उत्साह के साथ 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर्व मनाया गया। इस दौरान नगर परिषद बागली पर अध्यक्ष सीमा यादव, नगर पंचायत परिषद संघ प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव, उपाध्याय आरती विपिन शिवहरे, सीएमओ प्रमोद कुमार बरूआ ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता दिवस पर्व की जानकारी देते हुए पत्रकार सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी पत्रकारों का नगर परिषद की ओर से श्री राम भगवान का चित्र व शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। नगर परिषद करनावद में अध्यक्ष परसराम पाटीदार, उपाध्याय राजेश गोयल, सीएमओ अशोक परमार ने ध्वजारोहण किया। साथ ही ग्राम पंचायत मोखाप्पिल्या में पंचायत द्वारा गांव के समाजसेवी लोगों का भी अभिनंदन किया गया जिन्हें राधा कृष्ण का चित्र भेंट किया गया। सरपंच जितेंद्र सिंह दरबार, सचिव शोभाल सिंह,मोहन जाट व्दारा पंचायत कि ओर से सभी का स्वागत किया गया। ग्रामीण अंचल में सभी शासकीय, अशासकीय कार्यालयों पर स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। पुलिस थाना कमलापुर व पुलिस सहायता केंद्र चापडा पर थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर, राकेश नरवरिया ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान शैक्षणिक संस्थाओं में भी कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस दौरान नरेन्द्र सोरठ,कमल जायसवाल, एडवोकेट राजेंद्र इनाणी, मोहनलाल मानधन्या, मनीषा भोसले,सुशीला मानधन्या, मुकेश गुप्ता, राजेश गोस्वामी, किशोर गुजराती,अमित धुलिया,प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**भौंरासा।** नगर भर में बड़े ही गरिमापूर्ण ओर हर्षोल्लास के साथ देश का 79 वां स्वाधीनता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नगर के सभी नागरिकों ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी ओर मिठाई बांटी। जहां एक ओर नगर के प्रमुख संस्थानो पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर ध्वज सलामी देकर राष्ट्रगान हुआ वही दुसरी ओर स्कूली बच्चो ने स्कूलों से प्रभातफेरी निकालकर हमसब एक हे, स्वतंत्रता दिवस अमर रहे आदि घोष से नगर का वातावरण देशभक्ति से भर दिया। इस अवसर पर नगर परिषद कार्यालय पर अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, सीएमओ सविता सोनी, एवं मुख्य रूप से पार्षद व गणमान्य नागरिको ने झंडा वंदन किया और पूरे नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। वहीं टप्पा तहसील कार्यालय पर नेहा शाह, भौरासा थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रीति कटारे, विद्युत मंडल में अधिकारी मंसूर अली, जिला सहकारी केंद्रीय मर्या. बैंक भौरासा पर शाखा प्रबंधक कमल सिंह झोरङ, सेवा सहकारी संस्था पर अदिति गोयल, ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर नगजी राम यादव ,नगर कांग्रेस कार्यालय पर रमेश चंद ईनानी, छोटे हनुमान चौक में मंडल महामंत्री संजय यादव, ग्राम पंचायत कुलाला में सरपंच तेज सिंह यादव, ग्राम पंचायत काकडदा में सुमेर सिंह नागर , वार्ड क्र. 11 आंगनवाड़ी केन्द्र पर ज्योति वर्मा, महाँकाल आरो एटीएम पर जितेंद्र पुरोहित,हरिभाउ उपाध्याय शा. हाई सेकेण्डरी स्कूल में प्राचार्य डॉ राजेंद्र कुमार चौधरी, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पर प्राचार्य नीता शर्मा, कन्या प्राथमिक पर प्राचार्य, बालक मिडिल पर शिक्षक यादव, बालक प्राथमिक पर कन्हैयालाल खांटवा, सरस्वती शिशु मंदिर पर प्राचार्य अनंत नारायण निगम, स्टेट बैंक शाखा पर स्टेट बैंक सिक्योरिटी गार्ड सुरेश चंद लाखा, नर्मदा झाबुआ में शाखा प्रबंधक, पोस्ट ऑफीस पर पोस्ट मॉस्टर, भवॅरनाथ गुरूकुल स्कुल पर मनीष कुमावत प्रधानाचार्य, जीनियस कानवेन्ट स्कूल पर प्राचार्य, प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पर डॉ. गुरबीतसिंह, दूध संघ कार्यालय पर राजकुमार पटेल, ब्राईट फ्यूचर स्कूल में प्राचार्य कन्हैयालाल माली, प्रतिभा ग्लोबल एकेड़मी पर प्राचार्य द्वारा, संजय नगर स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर में प्राचार्य बघेल, ग्राम पंचायत बोलासा में सरपंच महिपाल सिह, बुदासा में मां शारदा विद्या मंदिर स्कूल पर प्राचार्य विजय पाटीदार, सनराइज स्कूल डकाचिया लखन सिंह राजपूत, एमसीएस में अर्जुन गुर्जर आदि कई जगह पर झंडा वंदन कर सभी नागरिको को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।













### बालाघाट में 49 लाख के इनामी नक्सलियों के एनकाउंटर का किया था नेतृत्व

# देवास पुलिस कप्तान राष्ट्रपति पुलिस वीरता पदक से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस, जेल और होमगार्ड के अधिकारियों-कर्मचारियों को वीरता, विशिष्ट सेवा और सराहनीय सेवा पदक प्रदान किए। यह सम्मान राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त है, जो असाधारण साहस, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा के लिए दिया जाता है। इसी कड़ी में नक्सल अभियान में अदम्य साहस प्रदर्शित करने पर एसपी पुनीत गेहलोद को स्वतंत्रता दिवस पर भोपाल में वीरता पदक से नवाजा गया। एसपी गेहलोद ने बालाघाट में 49 लाख के इनामी नक्सलियों के एनकाउंटर का नेतृत्व करने पर यह उपलब्धि हासिल की हैं।

शुक्रवार को राजधानी भोपाल में आयोजित हुए स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एसपी गेहलोद को राष्ट्रपति पुलिस वीरता पदक से सम्मानित किया। गेहलोद के नेतृत्व में बालाघाट जिले के सघन जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। उनके साथ 11 अन्य पुलिस अधिकारी वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित हुए। पुरस्कारों की घोषणा स्वतंत्रता दिवस 2024 के एक दिन पहले 14 अगस्त को ग्रह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कार्य क्षेत्र में अदम्य साहस और वीरता का प्रदर्शन करने वाले पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को राष्ट्रपति वीरता पदक प्रदान किए जाने संबंधी जानकारी दी गई थी। मप्र पुलिस की नक्सल उन्मूलन के लिए गठित विशेष इकाई हॉक फोर्स के कमांडेंट के रूप में पुनीत गेहलोद ने 30 नवंबर 2022 को बालाघाट जिले के सुपखार जंगली क्षेत्र में एक नक्सल एनकाउंटर में 49 लाख के इनामी दो कुख्यात नक्सलियों राजेश वज्जाम (एसीएम रैंक) और गणेश मड़ावी (डीवीसीएम रैंक) को मार गिराया था। तत्कालीन हॉक फोर्स कमांडेंट पुनीत गेहलोद के नेतृत्व में हॉक फोर्स की टीम जंगल सर्च अभियान में निकली थी, तभी उनकी टीम पर दो दर्जन से अधिक नक्सलियों ने गोलीबारी करते हुए हमला कर दिया था। पुलिस कप्तान ने सूझबूझ का परिचय देते हुए ना सिर्फ अपनी टीम को नक्सली हमले से बचाया। बल्कि वीरता के साथ उनका मुकाबला किया और



जवाबी फायर किए। करीब तीन घंटे तक चली इस मुठभेड़ में जहां एक ओर दो कुख्यात नक्सलियों को मध्य प्रदेश पुलिस के जांबाज जवानों ने मार गिराया। इस सफल ऑपरेशन में एक भी पुलिस जवान घायल नहीं हुआ। साथ ही मारे गए नक्सलियों और खदेड़े गए उनके साथियों से भारी मात्रा में हथियार, गोला बारूद और नक्सल दस्तावेज भी जब्त किए, जिनमें नक्सली टीम के कुख्यात कमांडर गणेश मड़ावी की एके 47 राइफल भी जब्त की गई। एसपी गेहलोद का कमांडेंट हॉक फोर्स के रूप में नक्सल उन्मूलन अभियान का कार्यकाल सफल रहा है, जिसमें उन्होंने मात्र एक वर्ष की अवधि में एक के बाद एक कुल तीन सफल एनकाउंटर करते हुए लाखों रुपए के इनामी कुल 6 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया था। उक्त उपलब्धियों के चलते वर्ष 2022 में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने भी गेहलोद के नेतृत्व वाली हॉक फोर्स को मध्य प्रदेश का गौरव अवार्ड से भी पुरस्कृत किया था।

### शहर कांग्रेस अध्यक्ष बने गौतम, ग्रामीण के मुखिया होंगे चौधरी





**देवास।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने संगठन सृजन अभियान के तहत मध्यप्रदेश की जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। यह नियुक्तियां कांग्रेस अध्यक्ष की मंजूरी के बाद तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं। एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी सूची में 71 जिलों के अध्यक्षों के नाम घोषित किए गए हैं। इस प्रक्रिया में पर्यवेक्षकों ने जिलों का विस्तृत दौरा किया, पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से चर्चा की और अपनी रिपोर्ट सौंपी, जिसके आधार पर नए अध्यक्षों की नियुक्ति हुई है। इसी कड़ी में देवास शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद पर प्रयास गौतम की नियुक्ति की गई। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष पर युवा और जुझारू नेता मनीष चौधरी की नियुक्ति की गई। मनीष चौधरी कांग्रेस के युवा नेता हैं। वे पार्टी के युवा संगठन में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने खातेगांव विधानसभा से टिकट की दावेदारी भी की थी।प्रयास गौतम लंबे समय से देवास की राजनीति में सक्रिय हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए कई दावेदार थे। लेकिन पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने प्रयास गौतम पर भरोसा जताया है।


bajaj ENERGY
समस्त जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
के पुनीत पर्व पर
हार्दिक शुभकामनाऐं
bajaj GROUP
THINK TOMORROW
"ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर हो
एवं घरों व उद्योगों को भरपूर बिजली मिले,
यही हमारा संकल्प।
-: सौजन्य से :-
ललितपुर पावर जेनेरेशन कं.लिमिटेड
जनपद-ललितपुर www.bajajgroup.org


79 वें समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की शुभकामनाएं
हरिशंकर साहू
समाजसेवी



समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विक्रम सिंह राजपूत
अंडेला जन सेवक ठेकेदार


गन्धर्व सिंह लोधी 'बाबू जी'
(सेवा निवृत्त प्रशासनिक अधिकारी)
पूर्व क्षेत्रीय मंत्री भारतीय जनता पार्टी
किसान मोर्चा कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी हार्दिक शुभकामनायें
अमर शहीद वीरांगना रानी अबन्तीबाई लोधी जी
की जयन्ती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन...
रघुवीर शरण
प्रधान- रमेशरा
विजय प्रताप सिंह
युवा प्रधान- कुआंतला
मदन सिंह राजपूत
प्रधान- राजघाट
विक्रम राजपूत
ठेकेदार अण्डेला
जयपाल राजपूत
गुरसौरा
रामजी राजपूत
बरौदा बिजलौन
अजय राजपूत
प्रधान प्रतिनिधि- रमेशरा
सौरभ सिंह लोधी
पूर्व प्रधान सतवांसा

## स्वतंत्रता दिवस पर चंद्रशेखर उद्यान में स्थापित 101 फीट ऊंचे स्तंभ पर किया गया ध्वजारोहण

# जन प्रतिनिधियों के साथ जिला प्रशासन ने देश की आन बान शान का फहराया तिरंगा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर शहर के चन्द्रशेखर पार्क प्रांगण 101 फीट ऊंचे स्तम्भ पर राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवा योजन राजयमंत्री मनोहरलाल पंथ , सदर विधायक रामरतन कुशवाहा जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन, जिलाधिकारी अमनदीप डुली, जिलाधिकारी धर्मपत्नी आकृति, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान अध्यक्ष नगर पालिका प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, उप जिलाधिकारी सदर/प्रशासक मनीष कुमार, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा व धर्मपत्नी शिल्पा द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

इस दौरान प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवा योजन राजयमंत्री मनोहर लाल पंथ जी, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा जी, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन जिलाधिकारी अमनदीप डुली, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य अतिथियों द्वारा महापुरूषों, शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

### वृद्धा आश्रम में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



ललितपुर । समाज कल्याण निदेशालय लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा अनुदानिक एवं देहाती ग्रामोंथान विकास समिति द्वारा संचालित पंडित दीन दयाल उपाध्याय वृद्ध जन आश्रम रामनगर में आजादी के अमृत महोत्सव पवन पर्व पर देश का 79 व स्वतंत्रता दिवस निवासरत वृद्ध माता पिता के साथ धूम धाम से मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा माँ सरस्वती एवं गांधी जी को माल्याअर्पण की गईं उनके द्वारा बताया गया कि समाज व घर परिवार से उपेक्षित सभी वर्ग के माता पिताओ के लिए सरकार के मंशानुरूप वृद्ध जनों के लिए वृद्ध आश्रम का संचालन किया जा रहा है ऐसे वृद्ध जो सुविधाओं से वंचित है उनको शासन की ओर से आश्रम में सभी सुविधाऐं निःशुल्क प्रदान की जाती है आश्रम में भोजन आवास चिकित्सा एवं बस्त्र की निःशुल्क व्यवस्था है साथ ही सभी को दैनिक व्यय के लिए पेंशन का लाभ भी मिलता है कार्यक्रम में आश्रम प्रबंधक दामोदर शर्मा ने आश्रम में निवासरत माता पिता को पारवारिक मेनू के अनुसार खाना नास्ता एवं प्रत्येक शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है इस अवसर पर न्यूज18 जिला संवाददाता अभय श्री माली द्वारा बताया गया कि बदलते समय में लोग अपने परिवार का संचालन नहीं कर पा रहे हैं आश्रम में वृद्धों की संख्या को देखते हुए आश्रम के कर्मचारी आश्रम को सफल रूप से संचालन कर रहे हैं इस अवसर पर जिलास्तरीय समिति के सदस्य शुभम देवलिया सुबोध शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री संजय श्रीवास्तव शुभम देवलिया प्रबंधक दामोदर शर्मा रूपेश दीपक पटेल रामगोपाल साहू ज्योति समाबानो दुर्गा प्रसाद घनश्याम साहू उपस्थित रहे

### भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

ललितपुर । भारतीय जनता पार्टी के हाईवे स्थित जिला कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस पन्द्रह अगस्त धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय गान हुआ और वक्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमर बलिदानियों की गाथाओं को श्रोताओं के साथ साझा किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चौबे, जगदीश सिंह लोधी एड,हरीराम निरंजन, रमेश कुमार सिंह लोधी एड, राजकुमार जैन, जिला महामंत्री महेश श्रीवास्तव भैया, बंशीधर श्रीवास, बलराम सिंह लोधी, डा राजकुमार जैन, गौरव गौतम, देवेन्द्र गुरु, डा दीपक चौबे आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही ।



### अमर शहीदों की गाथा को स्मरण किया

*प्रशासक नगर पालिका द्वारा स्वतंत्रता दिवस के महापुरूषों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करते हुए उनके स्वतंत्रता संग्राम के वीर क्रांतिकारियों और मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीदों की गाथा को स्मरण करते हुए उनके त्याग और बलिदान को नमन किया। वहीं निवर्तमान अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मुन्नालाल जैन, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य पार्षदों द्वारा भी क्रांतिकारियों को याद करते हुए उनके बलिदान को नमन किया गया। इस दौरान नगर पालिका पार्षद जगदीश यादव, सोन सिंह यादव, अफजुल रहमान, मुस्तफा खां, आलोक जैन मयूर, रामकिंकर पटैरिया, रमेश कुमार उर्फ गांधी, कुन्दन पाल, अब्दुल बारी,जानकी, अमरदीप रजक प्रतिनिध अमित नायक, प्रतिनधि जज्जू, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक राजेश जैन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, अवर अभियंता खुशबू खान, राजस्व निरीक्षक आशुतोष, राजस्व निरीक्षक सीमा कुशवाहा, लिपिक हबीब खान, लिपिक दीनदयाल सोनी, लेखा लिपिक अभिषेक चौबे, मुख्य स्टोर लिपिक महेन्द्र सिंह यादव, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार, कर लिपिक चन्द्रविनोद मिश्रा, पूर्व लिपिक रामसेवक, नजूल सुधीर रावत, जन्म-मृत्यु पंजीयन लिपिक विनोद कुमार, लिपिक अमित पाराशर, लिपिक अमित रैकवार, अवध किशोर रावत, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू, प्रहलाद सहरिया, शुभम रैकवार, फरदीन खान सहित पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।*


### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण



इसके उपरांत अतिथियों व विद्यालय के बच्चों के समक्ष डोरी खींचकर स्तंभ के राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया व उपरान्त राष्ट्रगान गायन किया गया। 79वें स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर नगर पालिका परिषद, ललितपुर के प्रांगण में निवर्तमान नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, उप जिलाधिकारी सदर/प्रशासक मनीष कुमार व अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित पालिका के समस्त पार्षदगणों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया।

## वैज्ञानिक संत जैनाचार्य निर्भय सागर महाराज के सानिध्य में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

*दिगंबर जैन अटा मंदिर से श्री सुधा सागर कन्या इंटर कॉलेज तक प्रभात फेरी निकाली गई, प्रभात फेरी के पहुंचने पर दिगंबर जैन पंचायत समिति के पदाधिकारियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विद्यालय के बच्चों द्वारा श्री दिगंबर जैन अटा मंदिर से श्री सुधा सागर कन्या इंटर कॉलेज तक प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज ससंघ का सानिध्य प्राप्त हुआ। प्रभात फेरी के पहुंचने पर दिगंबर जैन पंचायत समिति के पदाधिकारियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बालिकाओं द्वारा मंगलाचरण से की गई।

आचार्य श्री के पादप्रछालन का पुण्यार्जन वीर चंद्र सराफ प्रबंधक डोडाघाट मंदिर को प्राप्त हुआ।विद्यालय की बालिकाओं द्वारा देशभक्ति से संबंधित कई कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमें 'मोबाइल बुरी बला' नाटक की सभी द्वारा सराहना की गई। आचार्य श्री ने प्रवचन के माध्यम से,हम कैसे एक अच्छे नागरिक बनकर देश की स्वतंत्रता को बनाए रखें एवं उसकी उन्नति में कैसे अपना योगदान दें, प्रेरित किया गया। बालिका शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए आचार्य श्री द्वारा बालिकाओं को 'दुहिता' कहा गया अथार्त जो दो कुलों का हित करती है। बालिकाओं को समझाते हुए आचार्य श्री द्वारा कहा गया कि हमें अपनी लक्ष्मण रेखा का ध्यान रखना है क्योंकि रावण रूपी अनेकों दुष्चरित्र वाले व्यक्ति हमारा अपहरण करने के लिए तैयार बैठे हैं। इस अवसर पर जैन पंचायत समिति के अध्यक्ष डॉ अक्षय जैन टडैया महामंत्री आकाश जैन भारत गैस पूर्व अध्यक्ष अनिल जैन अंचल सनत जैन खजुरिया, सौरभ जैन, सतीश नजा, राजकुमार जैन कैप्टन,कुशल चंद जैन एडवोकेट, अखिलेश जैन गदयाना उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रफुल्ल कुमार जैन द्वारा किया गया।

### नौ बार लोकसभा से व दो बार राज्यसभा से सांसद रहे थे

## भारतीय जनता पार्टी ने भारत-रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटलविहारी बाजपेई को पुण्य तिथि पर किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर अपने प्रेरणाश्रोत भारत-रत्न पं अटलविहारी जी वाजपेई की पुण्य तिथि पर उन्हें नमन किया और पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव गौतम ने किया जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि मां अटलजी ने डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी,पं दीन दयाल उपाध्याय के साथ मिलकर उन्होंने जनसंघ की स्थापना की थी । जब लोकसभा में उनका बहुमत नहीं दिखा तो वे विना वोटिंग कराये ही सीधे राष्ट्रपति जी को स्तीफा देने चले गए और अपने भव्य व्यक्तित्व के साथ आदर्शवादिता की शानदार मिसाल देश के सामने पेश की ।

उन्होंने उस समय ही संसद में विपक्षी दलों के हंसने पर कहा था कि आज आप सब लोग मुझ पर हंस रहे हैं लेकिन एक दिन ऐसा आएगा कि हम सब लोग स्पष्ट बहुमत से सरकार में बैठेंगे और आप विपक्ष में रहेंगे ।और हम लोग भी आप पर हंसेंगे। श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने कहा कि हमें गर्व है कि अटल जी का बचपन बुन्देलखण्ड से लगे हुए ग्वालियर शहर में वीता।वे नौ बार लोकसभा से व दो वार राज्यसभा से सांसद रहे । पं जवाहर लाल नेहरू ने बहुत पहले ही अटल जी के सांसद काल में ही घोषणा कर दी थी कि एक दिन अटल जी प्रधानमंत्री बनेंगे।




### उन्तीस दलों की सरकार को पूर्ण रूप से चलाते रहे

सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी ने सन सन्तावन में लोकसभा में प्रवेश किया जनसंघ पार्टी से लेकिन सन सततर में हमारी जनसंघ का विलय जनता पार्टी में कर दिया गया जिसका अनुभव दुखद रहा। सन उन्नीस सौ अन्ठानवै में अल्पमत की सरकार में वे चाहते तो जोड तोड कर सकते थे लेकिन उनके महान व्यक्तित्व और उच्च आदर्श के कारण उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया वल्कि सीधे स्तीफा देने चले गए। कार्यक्रम की शुरुआत में बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे ने कहा कि पं अटलविहारी वाजपेई जी को सही श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके बतायें हुए रास्ते पर चलें और उनके द्वारा चलाई गई विकास की गाड़ी को और गति प्रदान करें। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन ने कहा कि उनका महान व्यक्तित्व इसी से परिलक्षित होता है कि वे उन्तीस दलों की सरकार को भी भली-भांति पूर्ण रूप से चलाते रहे और उन पर कोई भी अंगुली नहीं उठा सका। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, श्रमसेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, नगर पंचायत अध्यक्ष तालबेहट पुनीत सिंह परिहार,बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे, पूर्व जिला अध्यक्ष गण जगदीश सिंह लोधी एड,हरीराम निरंजन, राजकुमार जैन, जिला महामंत्री महेश श्रीवास्तव भैया, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, जिला उपाध्यक्ष बसंती लारिया,जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, मनीष अग्रवाल,संदीप सिंह बुंदेला, रामनारायण पाठक,भगत सिंह राठौर,,डा दीपक चौबे, कमलापति रिछारिया, शशिशेखर पांडेय,डा तेजस्व श्रीवास्तव ,दीपक पाराशर, मनीष जैन बामौर,अमन सोनी, रामेश्वर पाल सिमरिया , वैभव गुप्ता,सोमेश गुप्ता,के के साहू, विक्रांत रावत, आशीष कौशिक,त्रिपति रावत,हरेन्द्र प्रताप सिंह भदौरिया,सचिन साहू,आदि उपस्थित रहे।